प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 13.06.2025**

✳ महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने में कानपुर देहात पुलिस की कड़ी कार्यवाही जारी।

✳ थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

✳ थाना रसूलाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 213/2025 धारा 137(2)/64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित था अभियुक्त।

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना रसूलाबाद पर पीड़िता की माँ द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दिनांक 24.05.2025 को मु0अ0सं0 213/2025 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ दिवारी लाल पुत्र सुरेश कुमार निवासी बड़ागांव कपराहट थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में विवेचना के क्रम में साक्ष्यों के आधार पर धारा 64(1) बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ दिवारी लाल उपरोक्त को आज दिनांक 13.06.2025 को ग्राम गहलू बक्सहा में अभियुक्त के ताऊ के घर के पास थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात से समय 11.00 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण –

1.प्रदीप कुमार उर्फ दिवारी लाल पुत्र सुरेश कुमार निवासी बड़ागांव कपराहट थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली थाना रसूलाबाद पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा
2.का0 318 अंकित कुमार
3.का0 271 विनोद कुमार